## खबर संक्षेप

### राजस्व के अधिकारियों की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में जबलपुर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन 28 दिसंबर 2023 को प्रस्तावित है। इसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प द्वारा आज सभी विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली गई जिसमें अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे सहित मुख्यालय के सभी राजस्व अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे, जबकि कलेक्टर पांढुर्णा श्री अजय देव शर्मा एवं फील्ड के सभी अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ब्लड डोनेशन शिविरों का आयोजन भी किया जाए।

### दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

**छिन्दवाड़ा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। रविवार 24 दिसम्बर को शासकीय अवकाश होने और 23 दिसम्बर को शनिवार का अवकाश होने पर कलेक्टर श्री मनोज पुष्प द्वारा आज शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई।

### सभी वाहनों मे एच.एस.आर.पी. लगाये

**छिन्दवाड़ा।** माननीय उच्च न्यायलय जबलपुर में प्रस्तुत रिट याचिका 7436/ 2021 में 11 जुलाई 2023 क़ो पारित आदेश के अनुक्रम मे सभी वाहनों मे एच.एस.आर.पी. लगाये जाने की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी 2024 तक पूर्ण की जाना है जिसके सम्बन्ध में वृहत दिशा निर्देश जारी किये जा चुके हैं। इन दिशा निर्देशों का परिपालन कराने के लिये परिवहन आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिला परिवहन कार्यालयों क़ो सख्त निर्देश दिए है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान को रेत नहीं उठाने देने की शिकायत कर सकते हैं ग्रामीण

# दूधी नदी के पुल निर्माण में अवैध उत्खनन कर लगाई जा रही है रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में स्वीकृत रेत खदान नहीं होने के पीछे खनिज विभाग की निजी मंशा है कि इस तहसील में रेत खदान घोषित ना हो। प्रतापगढ़ बादला रेत खदान साल 2016 के बाद से नीलम नहीं हो पाई। बस यहीं से रेत चोरी का अंनत सिलसिला तहसील भर में चल रहा है जिसमें खनिज निरीक्षक, राजस्व विभाग की मिली भगत से रेत चोर चोरी कर मालामाल होते चले आ रहे हैं।

वहीं राजस्व खनिज विभाग ने कुछ कार्यवाही भी की है लेकिन केवल विभाग की उपस्थित तक सीमित रही। लेकिन बड़े ठेकेदारों पर इन विभागों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उदाहरण के तौर पर तामियां सीएम, राईज स्कूल, भवन, निर्माण में सैकड़ों घन मीटर रेत चोरी की लग चुकी है जो पूर्णता अवैध उत्खनन कर लगाई गई। वहीं शासकीय महाविद्यालय तामिया ठेकेदार ने भी जमकर चोरी की रेत खरीद कर रेत चोरी को बढ़ावा ही दिया। इसी तरह बम्हनी से चाखला मार्ग की दूधी नदी पर पुल निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें पुल ठेकेदार ने संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारियों के माध्यम से पेड़ों की जड़ों को हानि भी पहुंचाई थी। लेकिन ठेकेदार की अपनी मजबूरी है कि उन्होंने ठेका लिया है तो पुल निर्माण में रेत लगना है तो उनकी रेत उत्खनन करने की पुल निर्माण में मजबूरी भी है लेकिन वही बम्हनी, चाखला, सिंगोड़ी चार गांव सहित आसपास की पंचायतों एवं निजी उपयोग में रेत लाने वालों को राजस्व विभाग द्वारा रेत उत्खनन के लिए मनाही की जाती है।

वहीं अब इस पुल में ईसी नदी की लग रही रेत उत्खनन पर कोई कार्यवाही नहीं होने का मलाल है। क्योंकि ग्रामीणों की अपनी मजबूरी है कि वे राजस्व विभाग की शिकायत चाह कर भी नहीं कर सकते क्योंकि उनको हमेशा राजस्व विभाग से अपने काम पड़ते है। इस कारण चाह कर भी दूधी नदी के पुल निर्माण में हो रहे रेत के अवैध खनन की शिकायत नहीं कर सकते है। लेकिन अभी विकसित भारत, संकल्प यात्रा बम्हिनी पहुंचने पर यात्रा के दौरान ग्रामीण इसकी शिकायत कर सकते हैं कि हमें भी अपने निजी उपयोग एवं पंचायतों के निर्माण कार्यों में दूधी नदी से रेत निकालने की जिस तरह पुल के ठेकेदार को मौन स्वीकृति प्रदान की गई है।

हमें भी उसी तरह दी जाए जिससे हमें लगने वाली रेत की आपूर्ति हो सके और हमारे निर्माण कार्य निजी एवं पंचायतों के कार्य भी पूर्ण हो। अब देखना यह है कि ग्रामीणों की मात्रा चर्चा है या फिर विकसित भारत संकल्प यात्रा में समस्या का सामना अधिकारियों को करना पड़ेगा। यह तो यात्रा पहुंचने के बाद एवं शिकायत होने नहीं होने के बाद ही पता चल सकेगा।

### अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव का फैसला

## गंभीर चोट कारित करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा शुक्रवार को सत्र प्रकरण क्रमांक 125/2018 में निर्णय घोषित करते हुए आरोपी मोहन निवासी राजढाना को 10 वर्ष के कारावास एवं 1000 रुपए के जुर्माना से दंडित किया है । अपर लोक अ भि यो ज क / शा स की य अ धि व क ता पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 21/06/2005 को रात करीब 2.30 बजे ग्राम राजढाना थाना तामिया मैं प्रार्थी मधु के आधिपत्य के परिसर में आरोपी मोहन के द्वारा मधु को घोर उपहति करने की तैयारी के साथ प्रवेश कर मधु के पेट पर चाकू से वार कर पेट में गंभीर चोट कारित की थी। आरोपी का प्रार्थी के साथ जादू टोने के शक में गड़ी हड्डी निकालने की बात पर विवाद हुआ था जिस कारण मध्य रात्रि को आरोपी ने प्रार्थी पर हमला कर गंभीर चोट कारित किया जिसमें प्रार्थी की आंत की झिल्ली बाहर आ जाना चिकित्सक साक्षी द्वारा बताया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 62 / 2005 में धारा 458 ,326भादवी के तहत आरोपी मोहन के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया था जिस पर अपर सत्र न्या या ल य जुन्नारदेव के द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 125/18 का विचारण कर गवाहों के परीक्षण के आधार अपराध सिद्ध पाए जाने पर दोष सिद्ध करते हुए उपरोक्त धारा 458 एवं 326 भादवी के तहत प्रत्येक धारा में 10 वर्ष का कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है प्रकरण मे राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।



## 4 वाहनों से वसूला गया 4500 रूपये जुर्माना शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा अपने जाँच दल के साथ छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न मार्गों पर नियमित रूप से जाँच अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज परिवहन विभाग के जाँच दल द्वारा जिले के नागपुर-सौंसर मार्ग पर पहुंचकर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं जिसमें बस संचालक द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाया जाना, वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही लिखित शिकायतों व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई जो कि आने वाले समय में निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जाती हैं। उन वाहनों पर तत्काल चालानी करते हुए लगभग 4 वाहनों से 4500 रूपये जुर्माना लिया गयाऔर अन्य बस संचालकों को समझाइश दी गईं कि अगर जिस वाहन संचालक की भविष्य में इस तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो परिवहन अधिकारी द्वारा उन वाहनों का परमिट निरस्त करते हुए उन वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की।

## कलेक्टर के प्रयास पर सुरक्षित लौटे हर्रई के मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा जिले के हर्रई की बटकाखापा उप तहसील की ग्राम पंचायत अतरिया के ग्राम चटनी के 10 व भरदीकोल के 2 और ग्राम पंचायत भैंसखोह के 7 श्रमिक जो महाराष्ट्र राज्य के सतारा जिले में मजदूरी करने गए थे, उन्हें जिला एवं पुलिस प्रशासन छिंदवाड़ा के प्रयासों से आज सुविधापूर्वक जिले में लाकर उनके गृह ग्राम पहुंचा दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन श्रमिकों को ठेकेदार 400 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी दिलाने का बोलकर महाराष्ट्र के सतारा ले गया था, लेकिन 7-8 दिन काम लेने के बाद उन्हें उस दर से मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहा था। इसकी जानकारी जिला प्रशासन छिंदवाड़ा को लगते ही कलेक्टर श्री मनोज पुष्प और पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सतारा से इस संबंध में चर्चा की गई और श्रमिकों को सतारा से उनके गृह ग्राम तक लाने की पूरी व्यवस्था जिला प्रशासन छिंदवाड़ा द्वारा की गई। श्रमिकों को नागपुर तक टिकट कराकर ट्रेन से लाया गया। इसके बाद एक अलग बस कर छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय लाया गया, जहां कलेक्टर श्री मनोज पुष्प ने कलेक्ट्रेट परिसर में उनसे मुलाकात की और ढांढस बंधाया। साथ ही उन्हें समझाइश दी कि आगे से इस तरह किसी के भी बहकावे में न आएं। अपने जिले में भी रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं, अपने गृह जिले में रहकर उनका लाभ उठाएं। इस दौरान श्रमिकों की ओर से राज्य भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया ने जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद श्रमिकों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया। श्रमिकों को सकुशल जिले तक लाने की पूरी कार्यवाही में तहसीलदार हर्रई श्री सुधीर मोहन अग्रवाल, एस.आई. बटकाखापा श्री अजय सिंह सल्लाम, बीट पटवारी श्री पुष्पेंद्र अवस्थी और तहसील हर्रई के कर्मचारी श्री सचिन चौरसिया की सराहनीय भूमिका रही।

### निर्माण कार्यों के प्रस्ताव करें तैयार-कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प ने आज कलेक्ट्रेट मिनी संवाद कक्ष में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सभी जनपद पंचायतों के सीईओ की बैठक ली। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत को भारत सरकार द्वारा जिले में चयनित कुल 452 प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्रामों के लिए ग्रामीणों के बहुउद्देशीय एवं सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखकर उसी के अनुरूप बेहतर कार्ययोजना एवं निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले की 11 जनपद पंचायतों से कुल 452 ग्रामों का चयन किया गया है।

## वार्ड नंबर 11 में विद्युतीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ

### पार्षद एवं अध्यक्ष की सक्रियता को दिया साधुवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर पालिका क्षेत्र के बगीचा मोहल्ला संगम वार्ड नंबर 11 में नगर पालिका परिषद द्वारा विद्युत विस्तारीकरण के तहत बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जा रहा है। वार्ड वासियों ने नगर पालिका चुनाव के दौरान वार्ड के निर्वाचित पार्षद संजय जैन के सम्मुख विद्युत पोल की मांग रखी थी। जिसको प्राथमिकता से हल करते हुए आज बगीचा मोहल्ला संगम में बिजली का पोल स्थापित किया जा रहा है।नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन के अथक प्रयासों से संगम बगीचा में विद्युतीकरण कार्य हेतु नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोडे की सार्थक पहल पर नगर पालिका प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 11 में विद्युतीकरण कार्य हेतु आज से वार्ड के विद्युतीकरण कार्य को प्रारंभ किया। विद्युतीकरण कार्य प्रारंभ पर वार्डवासियो ने नगर पालिका प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया ।विद्युत कार्य के दौरान वार्ड पार्षद सहित वार्ड क्रमांक 13 के भाजपा नेता विजयपाल सिद्दीक लाल विद्युतीकरण के ठेकेदार अरुण जावा सहित कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## गीता ज्ञान प्रतियोगिता से विद्यार्थी हो रहे है लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी आश्रम खजरी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री मद भगवदगीता जयंती समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया । हमारे शास्त्रों में गीता , गंगा और गाय का विशेष महत्व है । गीता ज्ञान समस्त प्राणियों के कल्याणार्थ है। बच्चों में , विद्यार्थियों में गीता ज्ञान का संचार हो , सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत हों ; इस निमित्त जिले भर के सैकड़ों स्कूलों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें श्री योग वेदांत सेवा समिति के मार्गदर्शन में जिले भर के ब्लॉक स्तर की सभी समितियों द्वारा आसपास के सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में प्रतियोगिता आयोजित करवाई । जिसमें जिले में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को 2100/- , द्वितीय स्थान वाले को 1100/- तथा तृतीय स्थान वाले विद्यार्थियों को 500/- रुपये तथा प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सत्साहित्य भेंट किया । सभी प्राचार्य गणों को श्री मद भगवद गीता पुस्तक भेंट दी ।

## जगह-जगह निकाली अक्षत कलश यात्रा

### गुलाबरा बस्ती में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे श्रद्धालुगण





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए आमंत्रण हेतु अक्षत की अक्षत कलश यात्रा जगह जगह निकाली गई। इसी श्रृंखला में गुलाबरा से निकाली गई अक्षत कलश यात्रा जेल बगीचे से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक से होते हुए गुलाबरा शक्ति नगर से होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। डीजे बैंड की थाप पर जहां महिलाओं और युवाओं ने नृत्य के जरिये शोभायात्रा में चार चांद लगाए वहीं जगह जगह फूलों के साथ पूजा की थाल लिए महिलाओ ने पूजा अर्चन कर राम मंदिर से आए अक्षत कलश का पूजन किया गया। शोभा यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम दरवार एवं अक्षत कलश का पूजन कर धर्म लाभ प्राप्त किया। यह शोभा यात्रा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे विश्व के नागरिकों को अक्षत देकर आमंत्रित करने के परिपेक्ष्य छिंदवाड़ा में गोलगंज बस्ती में निकाली गई। समस्त राम भक्तों द्वारा 1 जनवरी 2024 से प्रत्येक घर में अक्षत के साथ निमंत्रण दिया जाएगा । दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी तक बस्ती के समस्त मंदिरों में प्रतिदिन निर्धारित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । मुख्य रूप से यह कार्यक्रम वार्ड पार्षद संदीप चौहान के अलावा मयूर चौरसिया, गौरव सेन, अतुल चौरसिया, राजू स्वामी, दिनेश मालवीय, बंटी साहू के अलावा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। रैली को देखकर 22 जनवरी को होने वाले उत्सवों की भव्यता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एमआरएफ सेंटर स्वच्छता एवं कचरा ग्राउंड का किया निरीक्षण



**जुन्नारदेव :** नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला नंबर लाने के लिए सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। जिसके दिशा निर्देश नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति पार्षद सदस्य संजय जैन ने कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने में नगर पालिका के प्रत्येक नागरिकों का कर्तव्य है कि वह अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखें।और नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही उसे फेंके। ताकि नगर हमेशा स्वच्छ साफ सुथरा दिखे।नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य संजय जैन ने विगत दिनों कचरा संग्रहण ग्राउंड का स्थल निरीक्षण कर मध्य प्रदेश शासन के मनसा अनुरूप स्वच्छता स्थल पर बारीकी से जांच किया । किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्वच्छता के कार्य के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए ।इसके पश्चात नगर पालिका परिषद के स्वच्छता विभाग के प्रमुख सुशील लदरे सहित नगर के समस्त स्वच्छता सुपरवाइजर की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष कार्यालय में ली गई।स्वच्छता संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।कार्यों में और गति प्रदान हो नगर में स्वच्छता का कार्य अच्छे से चलाने की समझाइए दी गई। यह नगर स्वच्छता में नंबर एक बने ऐसे प्रयास कर्मचारियों को आवश्यक रूप से करना चाहिए।

### नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने दिए थे समय सीमा बैठक में निर्देश

## दुकान किराया जमा न करने पर निगम अमले ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा





नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा समय सीमा बैठक में दौरान दुकान किराया की समीक्षा की गई जिसमें आयुक्त द्वारा बड़े बकायदारों पर सख्ती के निर्देश दिए गए थे। निगमायुक्त के निर्देश पर निगम उपायुक्त कमलेश निरगुडकर शुक्रवार को राजस्व अमले सहित बकायदारों की दुकानों को सील पहुंचे। राजस्व अमले को दुकान सील करने की कार्यवाही करता देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया एवं देखते ही देखते पांच दुकानदारों द्वारा अड़तालिस हजार रुपए नगद एवं 1,82,000/- रूपए के चेक उपायुक्त को दिए गए।निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा यह कार्यवाही नियमित रूप से को जाएगी। शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही में राजस्व अधिकारी साजिद खान, दुकान शाखा प्रभारी वीरेंद्र मालवी सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित, योजनाओं का किया जा रहा है प्रचार प्रसार, जिले के सभी विकासखंडों में पहुंच रही यात्रा

# पारडी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को ग्राम पारडी पहुंची। यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस यात्रा का स्वागत एवं पूजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस संकल्प रथ यात्रा के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसार किया जा रहा है जिसमे अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के कृष्णकुमार डोबले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन हितैषी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं



विकसित भारत संकल्प अभियान को एक जनांदोलन बनाने को कहा। वही अजा मोर्चा अध्यक्ष पंकज गजभिये ने विकसित भारत एवं महिला सशक्तिकरण पर संक्षिप्त संबोधन दिया। करवार से उप सरपंच यादवेन्द्र घाघरे ने अपने विचार व्यक्त किए। सरपंच मैडम पारडी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इस दौरान भाजपा नेता कृष्णकुमार डोबले, भाजपा अनु.जाति मोर्चा अध्यक्ष पंकज फजभिये, युवा जिला मंत्री उत्तम झा, करवार उप सरपंच यादवेन्द्र घाघरे,

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम पंचायत जमनिया से हुआ,इसके उपरांत ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया,कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार द्वारा केंद्र एवं राज्य में चल रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों एवम जनप्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी,उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर,भोजेलाल वर्मा,सरोज जंघेला,अयोध्या सोनी,मुकुल ठाकुर,प्रमोद श्रीवास,रजत वानखेड़े,जितेंद्र सोनी,डॉ वर्मा,अरुण साहू,दौलत ठाकुर,संजू राजपूत,आनंद वर्मा,सहित,सरपंच एवं सचिव सभी विभाग के अधिकारीगण,कर्मचारी,मातृशक्ति,ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सुशासन दिवस पर पांढुर्ना कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



पांढुर्ना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए शुक्रवार को कलेक्टर अजय देव शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सहज होकर कार्य करने एवं सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान एसडीएम आरआर पांडे, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, नायब तहसीलदार राजेश पटवा सहित एसडीएम व तहसील कार्यालय के अमले के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। पर आगामी 24 दिसंबर को रविवार और इसके पूर्व 23 दिसंबर को शनिवार के अवकाश के चलते सभी शासकीय कार्यालयों में 22 दिसंबर को सुशासन की शपथ ली गई।

## जिपं सदस्य ने किया वैरागढ़ में भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

आजादी के बाद में गरीबों को पक्के स्लैप के आवास यदि किसी ने देने का काम किया होगा तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। आयुष्मान भारत कार्ड के अंतर्गत बड़े से बड़े बीमारियों का इलाज निशुल्क बड़े-बड़े अस्पताल में किया जा रहा है।यह भाजपा सरकार की दें। लाडली बहन योजना के माध्यम से मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। उपरोक्त रोजगार ग्राम पंचायत बैरागढ़ में शुक्रवार को भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड ने व्यक्त किये है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम वैरागढ़ में स्वीकृत 5 लाख रु. की लागत से ब्राउंड्रीवाल तथा 13.95 लाख की लागत से सुदूर सड़क योजना के अंतर्गत सड़क मोगरा सीमा तक निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले, ग्राम पंचायत सचिव कैलाश गजभिए के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को दी जानकारी

**छिंदवाड़ा** । समेकित संरक्षण के अंनर्तगत लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग. विकास खंड बिछुआ की कार्यक्रम अधिकारी भावना कुमरे के मार्गदर्शन मे ग्राम उल्हावाड़ी. एवं जमुनिया कला के ग्रामीण मजदूरों को जानकारी दी । इस अवसर पर ज.अ.प के मेंटर्स श्यामल राव ने समेकित बालक संरक्षण के अंर्तगत केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक स्वयत्तशासी संगठन है।

## ग्राम पंचायत खापा, आमला में हुआ प्रमाण पत्र का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

केंद्र एवं भाजपा सरकार की द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम पंचायत खापा आमला में सम्पन्न हुआ है। इस दौरान ग्राम पंचायत के द्वारा सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते के द्वारा हितग्राहियों का स्वागत सत्कार करते हुए ग्रामीण जनों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

## राम शांति विद्या मंदिर में रामानुजन की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज राम शांति विद्या मंदिर में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के अवसर पर महान भारतीय वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। इसके अंतर्गत कक्षा आठवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक एवं विविध गतिविधियों के माध्यम से गणित को दैनिक जीवन में जोड़ते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रीनिवास रामानुजन का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियों से अवगत कराया । इन रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों से विद्यार्थियों में उत्साह छा गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी, मैनेजर श्री रोहित धवले एवं समस्त शालेय स्टॉफ उपस्थित रहा। सभी द्वारा गणित शिक्षकों को गणित दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

## हीरापुर के जंगल में मिली क्षत-विक्षत लाश, मची सनसनी

**कटंगी।** शुक्रवार को तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर के जंगल में करीब एक माह पुरानी लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. लाश पुरानी होने की वजह से इतनी बुरी तरह से गल चुकी थी कि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. जंगल में बकरी चराने गए चरवाहे ने लाश देखी जिसके बाद गांव में सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम करवा दिया है. वहीं अब मृतक की पहचान का पता लगाने में जुटी हुई है. तिरोड़ी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया ने बताया कि करीब 01 माह पुरानी लाश है. लाश का मांस पुरी तरह से गल चुका था. मृतक की पहचान करने के लिए अलग-अलग थानों में दर्ज गुमशुदगी की शिकायतों से मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. फिलहाल पता नहीं चल पाया है. शख्स की मौत के पीछे का कारण करंट लगने की वजह से होने की चर्चा है लेकिन थाना प्रभारी ने करंट से मौत होने की बात से साफ इंकार कर दिया है. उन्होंने कहा कि जांच जारी है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत कैसे हुई. गौरतलब हो कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है उस एरिया में शिकारी वन्य प्राणियों की शिकार की वारदात को अंजाम देने के लिए करंट का उपयोग करते है ऐसी जनचर्चा है।




रांगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं डॉ0 सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष राजनीति विभाग की अध्यक्षता में ''स्नातकोत्तर गणित परिषद्'' गणित विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस 21 दिसम्बर एवं 22 दिसम्बर 23 को मनाया गया। 21 दिसम्बर को रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में स्वाति नंदेश्वर एम0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, लक्ष्मी गौतम एम0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय, ज्योति कनौजे,एम0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में शुभांशु खैरवार एम0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, प्रज्ञा रंगारे एम0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय एवं पीयूष राहंगडाले व भावना पंचेश्वर एम0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 22 दिसम्बर को श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें विनय कुल्हाड़े एम0एस0सी0 फाईनल ने प्रथम स्थान एवं वंशिका मेश्राम बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, प्रियंका गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक दल के रूप में डॉ0 सरिता कोल्हेकर, डॉ0 रक्षा निकोसे, डॉ0 तृप्ति सोनवे, डॉ0 पूर्णिमा कुमरे उपस्थित रहे। डॉ0 एम0 घोरमारे विभागाध्यक्ष गणित विभाग द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया गया। डॉ0 सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष राजनीति विभाग द्वारा बताया गया कि राजनीतिक थिंकर ''प्लेटो'' ने अपने अकेदमी में सामने लिखवाया कि ''जिसको गणित का ज्ञान नहीं वो अकेदमी में प्रवेश न लें।'' उन्होंने कहा कि ''जिस तरह शरीर के लिये व्यायाम की आवश्यकता होती हैं, उसी तरह मस्तिष्क के विकास के लिये गणित की आवश्यकता होती है।'' डॉ0 पूर्णिमा कुमरे द्वारा दैनिक जीवन में हर पल गणित की आवश्यकता और महत्ता पर प्रकाश डाला गया। प्रो0 हेमन्त गणवीर द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से प्रेरित होकर उनके कार्य को आगे बढ़ाने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कु0 लक्ष्मी गौतम एम0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर द्वारा मंच का सफल संचालन किया गया। डॉ0 दीपक कार्तिकेय द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया।

## जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट महाविद्यालय हुआ विजयी




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय हॉकी पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में किया गया। जिसमें शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, शासकीय महाविद्यालय लामता, शासकीय महाविद्यालय मलाजखण्ड ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट विजयी रही। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालाघाट जिले की टीम बनाना था। यह टीम आगामी दिवस में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सिवनी में हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य प्रो0 हेमन्त गणवीर, डॉ0 आशीष कुमार, डॉ0 पंकज साहू, प्रो0 दोमदत्त सिंह, विकास साहू क्रीडा अधिकारी, मलाजखण्ड से डॉ0 मीना मिश्रा टीम मैनेजर एवं लामता से प्रवेश यादव टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर गणवीर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नेवरगाँव वा. में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**खमरिया।** लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. स्थित हाईस्कूल मैदान में एकता क्लब नेवरगांव वा. के तत्वाधान में 24 दिसम्बर से पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुये एकता क्लब नेवरगांव के पदाधिकारियों ने बताया कि एकता क्लब नेवरगांव वां के द्वारा पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 24 दिसम्बर से आयोजित किया गया है जिसमें प्रथम पुरुस्कार 21,000 रूपये, द्वितीय पुरुस्कार 11, 000 रूपये एवं प्रवेश शुक्ल 701 रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील एकता क्लब नेवरगांव वा. के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## 5वी बोर्ड की छमाही परीक्षा में अव्यवस्था का आलम : शिक्षक मोबाइल में मस्त, घेरा बनाकर हल कर रहे बच्चे प्रश्नपत्र

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शिक्षा विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के जितने भी प्रयास किये जाते है वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी का फायदा यहां अंगद की तरह पैर जमा चुके शिक्षक जमकर उठा रहे है। जिसका खामियाजा भी यहां पढऩे वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तो हालात और भी बद से बदतर हैं। ताजा उदाहरण लांजी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नक्सल प्रभावित ग्राम कंसुली में सचांलित शासकीय प्राथमिक शाला में देखने मिला जहां वर्तमान मे पांचवी कक्षा की छमाही परीक्षा चल रही है। परंतु अधिकारियों की अनदेखी के कारण बच्चों से परीक्षा सिर्फ नाम के लिये ली जा रही है। क्योंकि जिस शिक्षक की परीक्षा हॉल में ड्यूटी लगाई गई है वह मोबाईल में व्यस्त रहते है और बच्चे एक गोल घेरा बनाकर एक दूसरे की नकल करके प्रश्नपत्र हल करते है जिससे परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत और बिना कार्य के शिक्षकों की वाहवाही भी।



**परीक्षा हॉल मे चारो तरफ गंदगी और कचरा:** शासकीय प्राथमिक शाला कंसुली में जहां शिक्षक द्वारा मोबाईल में व्यस्त रहकर बच्चों को नकल मारने के लिये स्वंतत्र कर दिया गया था तो दूसरी ओर शाला परिसर में भी चौतरफा गंदगी का अंबार लगा हुआ था। बच्चों द्वारा फैलाये गये कचरे का एक ढेर क्लास रूम के दरवाजे के पास एकत्रित कर दिया गया था जिसमे मच्छर भिनभिना रहे थे तो दूसरी ओर किताबे रसस्यिों पर टांग दी गई थी।

**मोबाईल देखने और कचरा फैलाने की बात पर मुंह छिपाने लगे शिक्षक:** परीक्षा के दौरान मोबाईल मे व्यस्त रहने के सवाल पर प्राथमिक शाला कंसुली में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक तेजराम धारने बगले झांकने लगे और बच्चों द्वारा घेरा बनाकर परीक्षा दिये जाने की बात पर कुछ भी नहीं बोल सके। वहीं कक्षा के अंदर कचरे का अंबार होने पर उनसे कुछ नहीं कहा जा सका और वे बार-बार कैमरे से नजरे चुराते रहे। उन्होने कहा की रोजाना ही कचरा बाहर फेंका जाता है परंतु आज कैसे चपरासी ने कचरा छोड़ दिया उन्हें नहीं पता परंतु जब मीडियाकर्मी ने श्री धारने से सवाल किया तो उन्होने अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिये गोल घेरा बनाकर परीक्षा दे रहे बच्चों को ही कचरा फेकने के लिये कहा और सफाई करवाई।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा स्कूल की व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाता है, परंतु प्राथमिक शिक्षक द्वारा मोबाइल पर व्यस्त रहने के लिये वे जिम्मेदार हैं, जिसके लिये उन्हें भविष्य में इस प्रकार के कार्यो से बचने के निर्देश दिये जाएंगे। साथ ही स्कूल परिसर में रोजाना ही सफाई कराई जाती है तथा क्लास के एक कोने में कचरा जमा करके रखा जाता है जिसे दो से तीन दिनों में अलग ले जाकर नष्ट कर दिया जाता है।

विद्यार्थियों से रूबरू हुई न्यायिक मजिस्ट्रेट

## सीएम राइज स्कूल कटंगी में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमति न्यूज कटंगी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय कटंगी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सुधा पाण्डेय और अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने स्कूली विद्यार्थियों कानूनी जानकारी के साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी. विधिक शिविर में पहुंची न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्कूल की ओर से स्वागत किया गया. इस दौरान प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छात्र-छात्राओं से मित्रवत व्यवहार करते हुए सबसे पहले यातायात नियमों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को यह ज्ञात होना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस के बाइक, कार या कोई अन्य मोटर चालित वाहन नहीं चला सकता, ऐसा करने पर उसे नियमानुसार दण्डित किया जाता है. सभी लोगों को किसी बाइक पर बैठते या चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन को चलाते हुए या उसमें बैठने पर उसे सीट बेल्ट लगाना आवश्यक होता है, जिससे न सिर्फ उस व्यक्ति की दुर्घटना के समय जान बच सकती है, बल्कि कानूनी कार्रवाई से भी वह बच जाता है. उन्होंने बेहद ही आसान भाषा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, महिला सुरक्षा संबंधित अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम और प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क विधिक सेवा योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई. उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सर्वप्रथम आप अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और लक्ष्य तय करने के बाद उसकी ओर जाने वाले मार्ग को देखें और सुनिश्चित करें कि आपके लक्ष्य से कोई भी दूसरी वस्तु अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती अपने लक्ष्य को लेकर मन में किसी भी प्रकार का संशय ना रखें हमेशा ऐसा लक्ष्य बनाएं जो स्पष्ट एवं दूरगामी परिणाम देने वाला हो। अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने बच्चों से कहा कि वह सोशल मीडिया का बहुत अधिक उपयोग ना करें. इससे भी कई तरह के अपराध घटित होते है. उन्होंने किसी भी अपराध के संबंध में सबसे पहले अपने माता-पिता या अभिभावक को अवगत कराने और किसी भी अनजान नंबर से वीडियो कॉल न उठाने के लिए कहा. उन्होंने युवाओं को शराब और अन्य किसी भी प्रकार के नशे से दुर रहने की सलाह दी और बताया कि शराब की वजह से किस तरह सड़क हादसे होते है और इन हादसों के बाद परिवार का क्या हाल होता है. वहीं उन्होंने नाबालिक विद्यार्थियों से वाहन ना चलाने की अपील भी की और शाला परिवार से भी कहा कि वह अपने स्कूल में नाबालिकों के द्वारा दोपहिया वाहन लाने पर रोक लगाए।



## खबर संक्षेप

### अंतिम दिवस जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुये कुल 18 नाम निर्देशन पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार सिवनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए क्षेत्र क्रमांक-1 में शामिल 35 पंचायतों के साथ ही जनपद पंचायत सिवनी की ग्रामपंचायत उमरिया, लखनादौन जनपद की ग्राम पंचायत गनेशगंज के सरपंच पद तथा विभिन्न जनपदों के कुल 52 पंचों के लिए उप निर्वाचन होना है। जारी कार्यक्रमानुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के अंतिम दिवस 22 दिसम्बर 23 को दोपहर 3.00 बजे तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 18 व्यक्तियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अ धिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जिसमें श्री घनश्याम डहेरिया, श्री भूपेंद्र सिंह बघेल, श्री उत्तम सिंह कुर्वे, श्री नीलेश डहेरिया, श्री रोनक बागरी, मनीषा बागरी, श्री शंकरलाल दाहिया, श्री संदीप कुमार बेलवंशी, श्री जयंत नागले, श्री रवि कुमार मेश्राम, श्री बलभद्र सिंह बघेल, श्री राहुल चौधरी, श्री तिलक सिंह जाटव, श्री नितिन कुमार, श्री जयंत कुमार, श्री रामप्रसाद डहेरिया, श्री राधेश्याम ब्रम्हवंशी द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में श्री कोमल सिंह बघेल, धनश्याम डहेरिया एवं श्री आशाराम सतनामी द्वारा अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया है। इस तरह अंतिम तिथि तक कुल 21 नाम निर्देशन पत्र जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुये हैं। कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 दिसम्बर को की जायेगी तथा अभ्यार्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर 23 दोपहर 3 बजे तक होगी।



# रुमाल ग्राम में उपार्जन केंद्र न बनने से किसानों में आक्रोश

**केवलारी (उगली)।** सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा की केवलारी के अंतर्गत के वर्ष 2023- 24 में खरीफ सीजन में उपार्जन धान खरीदी का कार्य आरंभ में किया जा चुका है, प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 20 दिसंबर से आगामी 20 जनवरी 2024 के मध्य शासन के द्वारा उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी, समर्थन मूल्य के अंतर्गत 2183 प्रति कुंटल के रेट से किसान अपनी धान सरकार को बेच सकेंगे, उक्त कार्य के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी केंद्र आरंभ कर दिए गए हैं, लेकिन उप तहसील उगली के अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समीती मोहबर्रा के अंतर्गत ग्राम रुमाल में उपार्जन केंद्र विगत 10 -15 वर्षो से प्रतिवर्ष किया जाता है, जहां इस उपार्जन केंद्र के अंतर्गत 8 से 10 ग्राम आते हैं, क्योंकि यह उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 57 मोहबर्रा के अंतर्गत आता है, लेकिन इस बार यहां धान खरीदी के लिए किसी समूह को यह कार्य दिया गया है, ग्राम रुमाल के अंतर्गत आने वाले किसान भाइयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन तक रुमाल, माधव टोला के मध्य स्थित वेयरहाउस में जहां प्रतिवर्ष धान खरीदी की जाती है, किसी प्रकार की कोई व्यवस्थाएं नहीं देखने को मिल रही हैं, किसानों का यह भी कहना है, कि धान खरीदी केंद्र प्रभारी का कहना है, कि ग्राम मोहबर्रा में आकर ही यह किसान अपनी धन तौलायें , रुमाल ग्राम से मोहबर्रा खरीदी केंद्र की दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर है, जिसको लेकर किसान काफी परेशान नजर आ रहे हैं, खरीदी केंद्र प्रभारी से इस संदर्भ में जानकारी ली गई तो संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया गया अतः रुमाल ग्राम के लगभग 25 से 30 किसानों ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है, कि रुमाल ग्राम में ही धान खरीदी करवायें जिससे किसानों को असुविधा न हो और समय पर किसान अपनी धन तुलवाकर धान बेच सकें।

# राष्ट्रीय कार्यक्रम शोर्य का सम्मान मातृशक्ति संगठन द्वारा 26 को आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

नगर के शुक्रवारी गांधी चौक पर प्रत्येक 26 नवंबर को शौर्य का सम्मान राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसकी जानकारी सार्वजनिक करने के उद्देश्य मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सीमा चौहान , सचिव श्रीमती आराधना राजपूत , कोषाध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती सरोज बैश , एवं अन्य पदाधिकारी संगठन के सहयोगी यूथ विंग समर्पण युवा संगठन युवा संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें उपस्थित पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया गया कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों का सम्मान शोर्य का सम्मान कार्यक्रम के आयोजन का सफलतम 16 वे वर्ष में प्रवेश करते हुए मातृशक्ति संगठन इस वर्ष 26 दिसंबर 2023 दिन मंगलवार को शुक्रवारी चौक में शाम 6:00 बजे से कार्यक्रम आयोजित जा रहा है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल श्री जीडी बक्शी रक्षा विशेषज्ञ भारत एवं विंग कमांडर मोहम्मद अरफराज की गरिमामय




उपस्थित में कार्यक्रम किया जाएगा मातृशक्ति संगठन जिला सिवनी मध्य प्रदेश देश समाज और मानव जाति के उत्थान एवं विकास के कार्यों में कार्यरत एक पंजीकृत संगठन है जिसका उद्देश्य देश की सुरक्षा में शहीद जवानों के शोर्य पराक्रम व स्मृतियों को देशवासियों के हृदय में संजोते हुए शहीदों के परिजनों के सम्मान व हक की लड़ाई उन्हें निश्चित अवसर उपलब्ध कराना है देशभक्ति और राष्ट्र नवनिर्माण की भावना से ओत प्रोत मातृशक्ति संगठन की परिकल्पना श्रीमती सीमा चौहान द्वारा की गई मातृशक्ति संगठन गैर अनुदान प्राप्त एक गैर राजनीतिक समाजसेवी संगठन है यथा नाम तथा गुण के अनुरूप केवल महिलाएं ही इसकी सदस्य सदस्य हैं जो संगठन के समस्त दायित्वों का खर्चा स्वयं ही उठती हैं देश में हुए सबसे बड़े आतंकी हमले 26 11 2008 मुंबई ने देश के साथ ही संगठन की आत्मा को झकझोर दिया जिसके बाद से संगठन वीर शहीदों सपूतों की याद में प्रतिवर्ष जिला मुख्यालय सिवनी में 26 11 के दिन वृहद स्तर पर विगत 15 वर्षों से शौर्य का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करता है कार्यक्रम में फौजियों के परिवार के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सिवनी पुलिस बल के जवानों का भी सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम में नाटिका शहीदों को समर्पित कार्यक्रम भी आयोजित है इसी प्रकार शाहिद से जुड़ी प्रश्नोत्तरी जिसमें सभी उम्र के लोग हिस्सा ले पाएंगे विजेताओं को इस समय मंच से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा

# अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों को लेकर पीटीएम की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश शासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी के आदेश क्रमांक 7843 परीक्षा 2023 दिनांक 21 /11/ 2023 के परिपालन में दिनांक 22/12/2023 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक का आयोजन रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल कल्याण समिति महिला बाल विकास मध्यप्रदेश शासन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। संस्था प्रचार्य के के ग्रियाम के मार्गदर्शन में विद्यालय के सभा कक्ष में पालक एवं विषय बार शिक्षको की बैठक में



कक्षा दसवीं में अध्यनरत 81 छात्राओं की अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों की उत्तर पुस्तिका का पालकों को दिखाकर अध्यापन में आ रही रुकावटे ,एवं सुधार के उपाय पर परिचर्चा आयोजित की गई। प्राचार्य ने बताया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दर्ज 640 छात्राओं की उपस्थिति में प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहती है।कक्षा दसवीं के अर्धवार्षिक परीक्षा के घोषित परीक्षा परिणामों में टोटल विषय का 62.96% परिणाम के अनुसार 51 छात्रा उत्तीर्ण जबकि 30 अनुत्तीर्ण छात्राओं के विषयो का मूल्यांकन एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि पर मूल्यांकन किया गया। पीटीएम बैठक में उपस्थित रमाशंकर महोबिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है, महिलाओं मे उच्चशिक्षा की परिपूर्णता ही आत्मनिर्भरता की परिकल्पना को साकार करती है।इस मौके पर अमित अग्रवाल अंग्रेजी, अवधेश कुमार सोनी गणित, दीप्ति झरिया विज्ञान, मनोज चंदेल सामाजिक विज्ञान, मनीषा चौरसिया हिंदी ,सुरेंद्र जंघेला संस्कृत शोभित उपाध्याय कृषि संकाय के शिक्षक शिक्षिकाऐ उपस्थित थी।

# सिवनी प्रीमियर लीग SPL टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

**सिवनी** जिले की भव्य टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित हो रही है जिला टैनिस क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर द्वारा विज्ञप्ति में बताया गया कि **SPL** संबंधित अग्रिम समस्त तैयारी पूर्ण हो गई है पिछले 15 दिनों से ग्राउंड को खेलने योग्य बनाने हेतु ग्राउंड समिति बनाई गई थी। **SPL** संयोजक अब्दुल काबिज खान के नेतृत्व में ग्राउंड समिति ने अपना प्राथमिक कार्य पूर्ण कर चुकी हैं। विदित हो की सिवनी में अच्छी प्रतियोगिताओं के लिए एक भी क्रिकेट ग्राउंड नहीं है बावजूद इसके **SPL** समिति जिसमे अब्दुल क़ाबिज खान संयोजक, नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, जीशान खान कोषाध्यक्ष, योगेश राजपूत उपाध्यक्ष आसिफ पटेल उपाध्यक्ष, अभिषेक दुबे उपाध्यक्ष, जोएब खान उपाध्यक्ष, एवं खेल




जगत से जुड़ी शख्सियतों से मिलकर बनाई गई आयोजन समिति सिवनी के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए उचित मंच **SPL** पिछले 7 वर्षो से दे रहा है। ये समिति मिशन स्कूल ग्राउंड में अपने अनुभवी सदस्य जो ग्राउंड पिच बनाने में दक्षता रखते हैं। के साथ मिलकर मैदान को खेलने योग्य बनाते है। जिसके लिए जेसीबी मशीन रोलर मशीन का स्तेमाल किया जाता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्पेल टूर्नामेंट प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दो आयु वर्ग में आयोजित की जा रही है एक आयु वर्ग में ओपन के खिलाड़ी खेलेंगे तो वही दूसरा आयु वर्ग में 40 वर्ष के अधिक खिलाड़ी खेलेंगे।। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी प्रथम चरण में लीग मुकाबले खेले जाने हैं तो वहीं दूसरे चरण में नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। 40 वर्ष के अधिक आयु वर्ग वेटरन में 20 क्लाबो की टीमें हिस्सा ले रही है जिनके लीग मैच 23 दिसंबर से सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएंगे जो से 27 दिसंबर इसके बाद नॉकआउट मैच और ओपन टीमों के मैच आयोजित किए जाने हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष और पूरी आयोजन समिति ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से स्पेल टूर्नामेंट को सफलतापूर्ण आयोजित करने हेतु सिवनी जिले के खेल प्रेमियों प्रतिष्ठित नागरिकों से पूर्ण सहयोग की अपील की है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में अनुपस्थित विभागों पर कार्यवाही के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**/ प्रभारी कलेक्टर श्री पंवार नवजीवन ने 21 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की वीसी में ग्राम पंचायतों में यात्रा के दौरान अनुपस्थित विभागों पर कार्यवाही के निर्देश दिये साथ ही संबंधित विभागों को अनिवार्य रूप से यात्रा के दौरान नियत स्थल पर उपस्थित रहकर आमजन को जागरूक कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये । 22 दिसम्बर 23 को बरघाट जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टिकारी, पिण्डराकला, भीमपाठा, सरेखाकला जनपद पंचायत छपारा में लाटगांव, देवरीकला लखनादौन में ओरापानी, रामनगरी सिवनी में मोहगांव, ऐरपा धनौरा में खमरिया, हिंगवानी एवं घंसौर में झिंझरई, झुरकी केवलारी में जेवनारा एवं बेलगांव ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का आयोजन किया गया यात्रा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही ।

### श्री कपीश्वर हनुमान मंदिर, मरहाई माता मन्दिर बारापत्थर सिवनी में पूजन हेतु आज रखा जायेगा अक्षत कलश

#### श्री अयोध्याजी मे भगवान श्री रामललाजी की प्राणप्रतिष्ठा के निमित्त से पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा एवं पूजन कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

आज 23 दिसंबर शनिवार को प्रातः10 बजे अक्षतकलश लाने हेतु श्री कपीश्वर मरहाई माता मंदिर बारापत्थर में एकत्रीकरण होगा एवं सुबह 11.00 बजे सिंहवाहिनी मन्दिर हेतु प्रस्थान एवं दोपहर 12 बजे से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, इसके पश्चात श्री कपीश्वर हनुमान मंदिर, मरहाई माता मन्दिर में अक्षत कलश का आगमन, स्वागत, वैदिक ब्राहम्णों द्वारा पूजन, दोपहर 4 बजे से हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ, रात्रि 7 बजे से सामूहिक महाआरती महाप्रसाद वितरण होगा। भक्तगणो से निवेदन है कि स्वयं आरती थाल, दीपक तैयार कर लावें तथा रात्रि 9 बजे से संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ होगा।

इसी क्रम में द्वितीय दिवस आगामी 24 दिसंबर रविवार को प्रातः 9 बजे पूजन एवं प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक अक्षत अर्पण (भक्तगण स्वयं कम से कम 25 ग्राम मात्रा (एक मु_ी) सहगे चावल में हल्दी एवं घी मिलाकर पूजन अर्पण हेतु लेकर आवें।) प्रातः 10 बजे से श्री रामरक्षा स्त्रोत का सामूहिक 108 पाठ, दोपहर 1 बजे से तुलसी मंजरी से अक्षतकलश का विष्णुसहस्त्रनाम से सहस्त्रार्चन, दोपहर 3 बजे से माताओं बहनों द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ एवं रात्री 7 बजे से सामूहिक महाआरती महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। मंदिर समिति द्वारा भक्तगणों से स्वयं आरती थाल, दीपक तैयार कर लाने का आग्रह किया है, रात्री 8 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम होगा तथा आगामी 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से अक्षत कलश का पूजन आरती एवं विदाई होगी। श्री कपीश्वर मंदिर समिति उक्त कार्यक्रम में सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन करती है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्रामवार- वार्डवार का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है शासन की विभिन्न योजना से लाभांवित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश से 26 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 22 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत सरेखाकला एवं पिंडरईकला, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डांगावानी एवं तेंदनी, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हिंगवानी एवं खमरिया, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झिंजरई एवं झुरकी, केवलारी की ग्राम पंचायत जेवनारा एवं बेलगांव, लखनादौन की ग्राम पंचायत औरापानी एवं रामनगरी तथा सिवनी विकासखण्ड की चुटका, ऐरपा,मोंहगांव, तथा भटेखारी पहुंची। "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौंके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

#### यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

#### आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

विकसित भारत संकल्प यात्रा रूटचार्ट अनुसार 23 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं खामी, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लाटगांव एवं झिरी, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घाटपिपरिया एवं सालीवाडा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बुधेरा एवं पतरई, केवलारी की ग्राम पंचायत खुरसरा एवं पिपरिया, लखनादौन की ग्राम पंचायत पिपरिया मेहरा एवं खखरिया तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कातलबोडी, छुई तथा मोरडोंगरी पहुचेगी।

24 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड की ग्रामपंचायत ताखलाखुर्द एवं टेटमा, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ग्वारी एवं गुधना, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सालीवाडा एवं रजरवाडा, केवलारी की ग्राम पंचायत सरेखकला एवं विभारी, लखनादौन की ग्राम पंचायत पाटन एवं मढी तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कारीरात, हिनोतिया,ढेंका तथा जमुनिया पहुचेगी।

25 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड की ग्रामपंचायत धोबीसर्रा एवं जनमखारी, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खमदेही एवं कटिया, लखनादौन की ग्राम पंचायत मछवाडा एवं जमुआ, सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जुरतुरा तथा आमाकोला पहुचेगी।

### जिले वासियों से मास्क का उपयोग करने की अपील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**कोरोना संक्रमण के प्रभावों को देखते हुये प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन पंवार द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही जिले वासियों को मास्क का उपयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने संक्रमण के प्रभाव से बचने के लिए सामूहिक भीड - भाड वाले स्थानों पर मास्क लगाकर जाने की अपील सभी जिले वासियों से की है। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन पंवार ने स्वयं मास्क लगाकर कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियो-कर्मचारियों को भी मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया।

### जिला न्यायाधीशगण ने किया उपजेल लखनादौन का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान राजेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के द्वारा उपजेल लखनादौन का निरीक्षण कर जेल के बंदियों से उनकी समस्या पूछकर उनके निराकरण हेतु उपजेल अधीक्षक लखनादौन को निर्देशित किया।

### अजीविका मिशन की महिलाओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

सिवनी। जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमति आरती चौपड़ा ने बताया कि जिले आठों विकासखंड प्रबंधक एवं स्वसहायता समूह की दीदीयों को एक्सपोजर भ्रमण कराया गया। समूह की दीदियों को विकासखंड कुरई के ग्राम पंचायत टुरिया में स्थापित सवैनियर शॉप, ग्राम खवासा स्थित सिलाई सेंटर एवं ग्राम पचधार में टेराकोटा उत्पादों (मिट्टी की कलाकृतियों) बनाने का भ्रमण सह अवलोकन कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मूल उद्देश्य महिलाओं में आजीविका गतिविधियों के प्रति जागरूकता एवं उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन देना है। साथ ही कलेक्टर श्री सिंघल के निर्देशानुसार पेंच नेशनल पार्क स्थित सैवनियर शॉप में स्वसहायता समूह की महिला की सहभागिता सुनिश्चित कराना है। जिसमें समूह की महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर लाभ अर्जित कर सके।

### रामानुजन जी की जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में महान गणितज्ञ श्री रामानुजन जी की जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई गई, इस अवसर पर उनके श्री रामानुजन जी चित्र के समक्ष संस्था के गणिताचार्य अर्जुन बघेल, नरेंद्र चैरसिया, कृष्ण मुरारी दुबे ने दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत संस्था के भैया बहनों ने उनके महान कार्यों पर प्रकाश डाला। श्री रामानुजन जी संख्या की महत्ता भी बताई गई। किस प्रकार अपने जीवन की कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए, उन्होंने गणित के क्षेत्र में महान उपलब्धियां हासिल की इस विषय पर आचार्य परिवार ने प्रकाश डाला।

#### लेदर बाल वेटरन टूर्नामेंट

# पटेल 11 पहुँची सेमीफाइनल में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जैस परिवार के तत्वधान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के 7 वे दिन एक मैच खेला गया पटेल एलेवन और चाचू एलेवन के बीच खेला गया जिसमें रवि चाचू के कप्तान दिनेश यादव ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया बल्लेबाजी करने उतरी पटेल एलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में बॉयस ने 3 विकेट नुकसान मैं 178 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक स्कोर नफीस खान ने 98 रनों की पारी खेली जिसमे शानदार 7 छक्के शामिल थे। रवि चाचू की और से जीत सिंह ने 3 ओवर मैं मात्र 11 रन दिए।जवाबी पारी खेलने उतरी रवि चाचू एलेवन ने 15 ओवर मैं 125 रन ही बना पाई रवि चाचू की और से जीत सिंह ने 50 रनों की पारी खेली पटेल एलेवन की और से दिनेश नामदेव ने 3 ओवर मैं 13 रन देकर 2 विकेट लिए। *मैच में मैन ऑफ द मैच नफीस खान रहे । मैच में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और सुनील यादव ने निभाई । वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत कमेंट्री की भूमिका गन्नू माना ठाकुर और सुशील ठाकुर ने निभाई। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है ।

प्रतियोगिता के आयोजक अरुण यादव जी ने बताया कि कल शनिवार को टूर्नामेंट के दोनो सेमीफाइनल खेले जाएंगे पहला सुबह 9:00 बजे से सायनिग स्टार और एडवोकेट जूनियर के मध्य दूसरा दोपहर 12:30 बजे से जबलपुर और पटेल एलेवन के मध्य खेला जाएगा। सभी खेल प्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर प्रतियोगिता को सफल बनाएं ।



### श्री रुद्रअवतार हनुमान मंदिर से निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

सिवनी नगर के श्री रुद्र अवतार हनुमान मंदिर जिला चिकित्सालय के सामने स्तिथ से बारापत्थर क्षेत्र के प्रमुख मंदिर होते हुए शास्त्री वार्ड स्थित माता सिंह वाहिनी मंदिर से होते हुए बारापत्थर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों से निकलकर श्री राम जन्मभूमि अक्षत कलश यात्रा मंदिर समिति के समस्त सदस्यों द्वारा निकली गई।

# जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि जिले में रबी फसलों की बोनी का कार्य समाप्ति की ओर है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुय कलेक्टर महोदय द्वारा जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष समीक्षा बैठक आयोजित कर कृषकों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश प्रसारित किये गये है इसी सन्दर्भ में जिले में वर्तमान में यूरिया उर्वरक 8644 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. उर्वरक 2886 मैट्रिक टन, एन.पी.के. उर्वरक 2194 मैट्रिक टन, एम.ओ.पी. उर्वरक 279 मैट्रिक टन एवं एस.एस.पी. उर्वरक 4834 मैट्रिक टन भण्डारण है। जिले में 7 डबल लॉक केन्द्रों में 1503 मैट्रिक टन यूरिया, डी.ए.पी. उर्वरक 1119 मैट्रिक टन, एन.पी.के. उर्वरक 630 मैट्रिक टन, एस.एस.पी. उर्वरक 1341 मैट्रिक टन भण्डारण है। जिले की 57 सहकारी समितियों में यूरिया उर्वरक 1353 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. उर्वरक 464 मैट्रिक टन, एन.पी.के. उर्वरक 443 मैट्रिक टन, एम.ओ.पी. उर्वरक 17 मैट्रिक टन एवं एस.एस.पी. उर्वरक 577 मैट्रिक टन भण्डारण है। इसी प्रकार जिले के निजी विक्रेता संस्थानों में यूरिया उर्वरक 3259 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. उर्वरक 449 मैट्रिक टन, एन.पी.के. उर्वरक 463 मैट्रिक टन, एम.ओ.पी. उर्वरक 30 मैट्रिक टन एवं एस.एस.पी. उर्वरक 1152 मैट्रिक टन भण्डारण है। कलेक्टर महोदय निर्देशानुसार किसानों को सुविधा के लिये जिले के 7 डबल लॉक केन्द्र, 57 सहकारी समितियां एवं निजी उर्वरक विक्रेता केन्द्र सुबह 8 बजे से उर्वरक वितरण का कार्य करेगें। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो सहायक संचालक कृषि श्री प्रफुल्ल घोडेसवार मो.न.7693955285 एवं श्री पवन कुमार कौरव मो.न. 9977328438 नोडल अधिकारी उर्वरक गुण नियंत्रण से सम्पर्क कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक 27 को

**बालाघाट।** जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक 27 दिसम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जायेगी। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को बीज, खाद एवं ऋण सुविधा मुहैया कराने, धान उपार्जन की, कृषि विभाग के कार्यो की, विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की, आत्मा परियोजना के जिले के बाहर व राज्य के बाहर भ्रमण के लक्ष्य, उद्यानिकी विभाग के कार्यो की, मत्स्य पालन विभाग के कार्यो की, कृषि उपज मंडी द्वारा किये गये कार्यो की व अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

### शासन द्वारा आज सामान्य अवकाश घोषित

**बालाघाट।** मप्र शासन द्वारा गुरुवार को प्रदेश के समस्त विभागों के लिये राजपत्र प्रकाशित किया है। इसके अनुसार वर्ष में कुल 23 सामान्य अवकाश रहेंगे। जो सोमवार से शुक्रवार को पड़ने वाले है। इनके अलावा 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर जयंती, 21 अप्रैल को महावीर जयंती और 9 जून को महाराणा प्रताप जयंती रविवार आने वाले है, इसलिये पृथक से अवकाश घोषित नही किये गए है। घोषित सामान्य अवकाशों में राष्ट्रीय पर्व के के साथ-साथ विभिन्न धर्मो के समाजों के त्यौहारों के अलावा 15 नवम्बर को गुरुनानक जयंती व राष्ट्रीय जनजातीय भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर मनाये जाने वाले गौरव दिवस के लिये अवकाश घोषित है। वर्ष 2024 में 59 ऐच्छिक अवकाश तथा 15 ऐच्छिक अवकाश रविवार को आने वाले है।

### आज 2 बजे दिशा की और 4 बजे सड़क सुरक्षा की होगी बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में आज दोपहर 2 बजे दिशा की और 4 बजे सडक सुरक्षा की बैठक आयोजित की जायेगी।

### मॉयल में नये वाणिज्य निदेशक सुश्री सिंह ने पदभार संभाला



**बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड जिसकी बालाघाट जिले के चार स्थानों भरवेली, उकवा, तिरोड़ी, सीतापठौर में मैंगनीज खदान होने के साथ महाराष्ट्र के चिखला, बुजुर्गडोंगरी, बेलडोंगरी, कांद्री, मनसर, गुमगांव इत्यादि स्थानों पर खदाने है, जिसका मुख्यालय नागपुर है। मिनी रत्न सरकारी उपक्रम ए शेडयूल कंपनी मॉयल के नये वाणिज्य निदेशक के रूप में सुश्री रश्मी सिंह ने गत दिवस पदभार ग्रहण किया। इस अवसर मे मॉयल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना, निदेशक उत्पादन योजना मिर्जा मोहम्मद अब्दुल्ला, निदेशक वित्त राकेश तुमाने निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह एवं विभिन्न विभागो के महाप्रबंधक, संयुक्त महाप्रबंधक, कार्मिक विभाग, मैकेनिकल विभाग, विद्युत विभाग सहित अनेक विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सुश्री सिंह से भेंट कर उनका अभिवादन किया।

### छात्रों ने जाने मैंगनीज का उत्पादन और अयस्क

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को भरवेली स्थित मैंगनीज खदान का भ्रमण किया। फेरो प्लांट के शिक्षित भ्रमण के दौरान मोईल ऑफिसर दिलीप कुमार रैना और रेड्डी नारायण स्वामी ने करीब 72 विद्यार्थियों को मैंगनीज के उत्पादन संबंधी कच्चे पदार्थ डोलोमाईट लौहअयस्क मैंगनीज अयस्क और पर्लकोक के अनुपात के बारे में विस्तार से जानकारियाँ दी।

## मिलर्स से मिल रहा फटा बारदाना, अधिकारी भी नहीं सुन रहे परेशानी

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी से प्रभारी और किसान परेशान



**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर विगत 1 दिसंबर से खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। किसान अपनी उपज खरीदी केंद्र में पहुंचाने से पहले स्लॉट बुक कराकर मिले समयानुसार अपनी उपज लेकर धान खरीदी केंद्रों तक पहुंच भी रहे हैं। परंतु जनपद क्षेत्र लांजी के कई धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की कमी के कारण किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों को कैप में धान पहुंचाने के बाद भी काफी परेशान होना पड़ रहा है। इन दिनों किसान अपने धान की मिंसाई कर खरीदी केंद्रों में धान बेचने में व्यस्त हैं। क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद पंजीकृत किसान सुबह से ही धान लेकर बिक्री करने के लिए मंडी पहुंच रहे हैं। परंतु अभी से ही क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की कमी देखी जा रही है। जिसके कारण किसान अपने धान मंडी में नहीं बेच पा रहे हैं। जो किसान धान बेचने के लिए मंडी में पहुंचे हुए हैं, वे स्वयं अपने धान की रखवाली मंडी में करने को मजबूर हैं। बारदाना के विषय में किसानों द्वारा मंडी अधिकारियों से पूछने पर उनका यही जवाब होता है कि उन्होंने बारदाना कि कमी के विषय में संबंधित अधिकारी को सूचित कर दिया है। बारदाना कल आ जाएगा।

### किसान बात रहे खुले में रात

मंडी में धान बेचने आए कई किसानों ने बताया कि मंडी में बारदाना कि कमी होने के कारण किसानों को कई प्रकार की परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी इस कड़ाके की सर्दी में धान की रखवाली करना है। क्योंकि यहां लोगों के रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्र में जब तक हमारा धान तौला नहीं जाता, कैप प्रभारी उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होते हैं।

### मिल रहा फटा पूराना बारदाना, अधिकारी भी नहीं सुन रहे परेशानी

एक तरफ अपनी उपज बेचने के लिये किसान परेशान हो रहे है तो दूसरी ओर धान खरीदी केंद्र प्रभारी फटे बारदाने मिलने से खासे परेशान है। जो बारदाने उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे है वह किसानों को देते है तो उनकी भी नाराजगी उन्हें ही झेलनी पड़ रही है। कुछ धान खरीदी केंद्र के स्टॉक में बड़ी मात्रा में नए बारदाना भी उपलब्ध हैं। किसानों को आधा नया और आधा पुराना बारदाना उपलब्ध कराने का आदेश होने का हवाला देकर फ टा बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 20 से 30 फीसदी पुराने और फटे मिल रहे बारदाने

लांजी तहसील अंतर्गत कुल 18 केंद्रों में धान की खरीदी चल रही है। सभी समितियों में इस बार नये और पुराने बारदाने से ही धान की खरीदी होगी। दूसरी ओर मिलरों से मिले बारदाने में से 20 से 30 फ ीसदी पुराने और फ टे मिल रहे हैं। इससे समितियों की परेशानी बढ़ गई है।



### इनका कहना है

इस वर्ष मिलर्स के माध्यम से बारदाने उपलब्ध कराये जा रहे हैं। एक बार 15 हजार बारदाने दिये गये हैं और नये बारदाने के रूप में 12500 बोरे मुझे मिले हैं। तथा जो बारदाने अब तक प्राप्त हुए है उनमें पूरी खरीदी हो चुकी है।

**धरमदास लिल्हारे, प्रभारी धान खरीदी केंद्र, कारंजा**



हमें मां एग्रो मिलर्स लांजी द्वारा बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है परंतु उनके द्वारा जो बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है वह काफी घटिया किस्म का होने के कारण हमे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 50 बारदानों के एक बंडल में आधे बारदाने बहुत ज्यादा फटे होने के कारण उसे रिजेक्ट करना पड़ रहा है।

**सी.एल. मछिया, प्रभारी धान खरीदी केंद्र दहेगांव**



हमे जो बारदाने उपलब्ध कराये गये है वह काफी निम्न स्तर के है। विगत 1 दिसंबर से खरीदी प्रारंभ हो चुकी है परंतु किसानों ने धान विक्रय के लिये अभी ज्यादा स्लाट बुक कराएं है, परंतु बारदानो के फटे होने के कारण उनकी छंटाई में ही ज्यादा समय व्यतीत हो रहा है।

**एम.एस. हनौते, प्रभारी धान खरीदी केंद्र साडरा**

## जिले की 5 समिति दिल्ली के लिए हुई चयनित, बैंक सीईओ पटले ने ली वीसी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

पैक्स कम्प्यूटराइजेशन को लेकर मध्य प्रदेश स्तर पर बालाघाट जिले में सराहनीय कार्य प्रगति पर है। इस आशय की जानकारी देते हुए बैंक सीईओ आर.सी. पटले ने वीसी के माध्यम से बताया कि कलेक्टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन को लेकर बालाघाट जिले में हुए उत्कृष्ट कार्य के चलते 5 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कर्मचारी दिल्ली जाएंगे जो 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री पटले ने बताया कि दिल्ली हेतु चयनित समितियों की कार्यवाही जिला मुख्यालय स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। इस अवसर विपणन अधिकारी राकेश असाटी उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्राः वीसी के माध्यम श्री पटले ने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बैंक मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करे। श्री पटले ने कहा कि वर्तमान में जिले में उपार्जन का कार्य प्रगति में है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन ईपीओ, रेडी टू ट्रांसपोर्ट, हेडलिंग चालान, लोन के ईपीओ क्लियर करें और शासन के निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करे। वीसी में शाखा प्रबंधक, संस्था प्रबंधक, सुपरवाइजर, डाटा ऑपरेटर शामिल हुए। श्री पटले ने बताया कि 22 दिसंबर की स्थिति पर जिले के 55916 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है जिसमे से 28048 किसानों ने 1316372 क्विंटल धान खरीदी केंद्रों में दी है। जिसकी राशि 287 करोड़ 36 लाख है।

## कांग्रेस ने दिया धरना : कहा- देश के मुद्दों पर जवाब देने से भाग रही मोदी सरकार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सदन की अवमानना को लेकर निलंबित किए गए 143 सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस ने 23 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन किया।

इस धरना प्रदर्शन में संख्या में कमी के बावजूद कांग्रेसियों में जोश दिखाई दिया। कांग्रेस संगठन मंत्री शफकत खान ने कहा कि कि देश की संसद में सुरक्षा में चूक को लेकर गृहमंत्री से लोकसभा और राज्यसभा में जवाब मांग रहे कांग्रेस और अन्य पार्टी के सांसदों को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश की संसद में जो घटनाक्रम सामने आया है, वह देश के नौजवानों द्वारा सरकार को जगाने का काम है। जिसका कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के सांसद जवाब मांग रहे थे लेकिन गृहमंत्री ने जवाब ना देकर संसद की अवमानना को लेकर निष्कासित करा दिया। जिससे साफ है कि देश की मोदी सरकार जवाब से भाग रही है। जिसे जनता के बीच लाने के लिए कांग्रेस ने यह धरना प्रदर्शन किया था। ताकि मोदी सरकार की वास्तविकता से जनता जागरूक हो सके। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि देश के संसद से इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित कर मोदी सरकार ने सदन की गरिमा को खत्म करने का काम किया है। जिसके खिलाफ आज पूरे देश में कांग्रेस सड़क पर उतरकर इसकी खिलाफत कर रही है। 2024 में फिर लोकसभा चुनाव होना है और ऐसी सरकार को नहीं रोका तो फिर देश को भगवान भी नहीं बचा सकते हैं। रोजगार देने और महंगाई कम करने का झूठ बोलकर सरकार आई लेकिन अब जनता का विश्वास खत्म होता जा रहा है।

### पंच के 20, सरपंच के 12 और जनपद सदस्य के लिये 5 नामांकन दर्ज हुये

**बालाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत शुक्रवार को नाम निर्देशन जमा होने के अंतिम दिन तक कुल 37 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गए है। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंच पद के लिये कुल 20 फॉर्म, सरपंच पद के लिये 12 और जनपद सदस्य के लिये 5 नामांकन दर्ज किये गए है। शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा की जायेगी। इसके पश्चात 26 दिसम्बर मंगलवार को नाम वापसी के अंतिम दिन के पश्चात अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

### 14 दिसम्बर को हुई मुठभेड़ की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**बालाघाट।** पिछले सप्ताह थाना गढ़ी क्षेत्र के कमकोददार जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित मावोवादी संगठन के कान्हा-भोरमदेव डिवीजन व मलाझखण्ड दलम के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों द्वारा पुलिस पर अंधाधुंद फायरिंग कर हमला किया गया। पुलिस द्वारा भी आत्मरक्षा करते हुये हुई मुठभेड़ में एक सशस्त्र पुलिस माओवादी की रायफल के साथ मृत पाया गया। घटना स्थल पर मृत पाये गये पुरुष की प्रथम दृष्टियॉ पहचान मलाजखंड दलम के एसीएम चैतू ऊर्फ हिड़मा मडकाम ग्राम पंपरा ब्लॉक भैरमगढ़ बीजापुर छत्तीसगढ़ के रूप में की गई है। घटना के बाद थाना गढ़ी में धारा 147,148,149 और 307 तथा भादवि के तहत 25,27 आर्म्स एक्ट 1959, 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1960 की धारा-13 (1)(क), 13(1)(ख), 16,20 विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## राष्ट्रीय पशु बाघों का शिकार करने वाले 7 आरोपियों को सजा

### 10 को संदेह के आधार पर किया गया बरी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय ने शुक्रवार को 08 साल पुराने राष्ट्रीय पशु बाघ के शिकार के मामले में फैसला सुनाते हुए 07 आरोपियों को 03-03 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है जबकि इसी मामले में 10 अन्य को संदेह के आधार पर बरी किया गया है. लोक अभियोजन अधिकारी सुनील पहेरिया ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पशु के शिकार के मामले में सीतापठोर निवासी महेश पिता मानकराम, करम पिता अशरथ, विनोद पिता जम्मू, कैलाश पिता फूलचंद, कमलेश पिता किशनलाल, मंगल पिता लक्ष्मण और सुखदास पिता शिवप्रसाद को वन अधिनियम की धारा 51 (1), 52(1), वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 की धारा 62 में 03-03 वर्ष का कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया गया है. वहीं इस मामले में बाबूलाल, सुखदास, नारायण, हरिप्रसाद, विजय, दिनेश, फूलसिंह, रामसिंह, रामनाथ और सूरज को संदेह के आधार पर बरी किया गया है. अपराधियों ने शिकार की वारदात को 22 नवंबर 2016 को लामटा प्रोजेक्ट वन विकास निगम के एरिया में सीतापठोर के कक्ष क्रमांक 786 में अंजाम दिया था। अभियोजन अधिकारी ने प्रेस नोट में बताया कि 22 नवंबर 2021 को वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर अजय कामड़े को सूचना प्राप्त हुई थी कि जंगल में एक गड्डे से बदबू आ रही है जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और गड्डे की खुदाई करवाई तो वहां वन्य प्राणी बाघ के अवशेष बरामद हुए थे. जिसके बाद वन अमले ने जांच शुरू की थी. शुरुआती जांच में वन विभाग की टीम ने सीतापठोर से जिन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी उन्होंने पूरी घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि करंट लगाकर बाघ का शिकार किया था. माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में आदतन अपराधी होकर और राष्ट्रीय धरोहर का ज्ञान होने के बाद भी राष्ट्रीय पशु बाघ का शिकार करने और वन्य प्राणी के अवशेष बेचकर पैसा कमाने की नियत रखने वाले आरोपियों को तीन साल का कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है।

## जनपद अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत गोदरी व कसंगी





**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर सरकार की प्रमुख योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ पहुंचाने की मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। सोमवार को जनपद पंचायत किरनापुर की ग्राम पंचायत गोदरी व कसंगी भवन से यात्रा का आगाज किया गया, जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं उपाध्यक्ष भुवनभाऊ रहांगडालें, जनपद पंचायत सदस्य योगराज भास्कर , सीईओ मनीष शेंडे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, संकल्प यात्रा के मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। यह देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतुष्टि प्राप्त करने के लिए की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयवद्ध तरीके से पहुंचे। ग्राम पंचायत गोदरी व कसंगी में यात्रा के दौरान सभी विभागों के स्टाल लगाए गए,जिसमें महिला बाल विकास विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,आयुष विभाग ,कृषि विभाग ,शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, राजस्व विभाग ,पशु चिकित्सा ,सेवा सहकारी समिति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजाति विभाग ।कल्याण सिंह राणा ने केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया, और जनता से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली सरकार देश के कोने-कोने में पहुंच रही हैं। आज विकास संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत गोदरी व कसंगी में ग्रामीणों को सरकारी योजना का की जानकारी दी जाएगी। ग्राम के सरपंच श्री मती तनुजा विजय गढ़पाले, उपसरपंच भीकूराम मातरे, सचिव बलराम कांवरे, सहायक सचिव पंकज पांचे,सहसराम लिल्हारे , श्यामू खरे, श्यामू पांचे , एवं एसडीओ श्री ठाकुर, प्रधानमंत्री आवास योजना से श्री पटले एवं ग्राम के समस्त पंच व ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, बच्चों को आई मामूली चोट, बिल्ली की वजह से हुआ हादसा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट में गायखुरी स्थित एक निजी स्कूल के बच्चों को घर लेकर जा रहा ऑटो गोंगलई मंडी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में बैठे लगभग 12 से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। हालांकि बच्चों को मामुली चोट आई है, जिन्हें अभिभावक अपने साथ घर ले गए है। हादसे में ऑटो चालक लोहारा निवासी राजकुमार घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि इस घटना में स्कूल विवा चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों में ऋषभ ठाकरे, मोक्ष कटरे, शिवम कटरे, लक्ष्य कटरे, आन्या ठाकरे, अंशु ठाकरे, दिशू ठाकरे, चिंकी उपवंशी घायल हो गए। लेकिन उन्हें चिकित्सालय नहीं लाया गया, क्योंकि चोट मामूली है।

**बिल्ली के कारण हुआ हादसा:** छात्र दशरथ ठाकरे ने बताया कि स्कूल के पास से एक बिल्ली को ऑटो में रखी थी। गोंगलई मंडी के पास बिल्ली अचानक ऑटो में से कूद गई। इसके कारण ऑटो अनियंत्रित हो गया और ये हादसा हुआ।

## अधिवक्ता संघ ने किया विधायक विवेक पटेल का अभिनंदन

# अधिवक्ता संघ मेरा परिवार, उनकी समस्या मेरी समस्या : विधायक



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

अधिवक्ता संघ मेरा परिवार है और मै भी उसी परिवार का सदस्य हूँ, इसलिए अधिवक्ताओं की हर समस्या भी मेरी समस्या हैं। जब भी जरूरत पड़ेगी, आपका मार्गदर्शन भी लूंगा और अपने अधिवक्ता साथियों की हर समस्या के समाधान के लिए उनके साथ खड़ा रहूँगा। यह बात वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विवेक विक्की पटेल ने अधिवक्ता संघ में आयोजित सम्मान समारोह में कही। विधायक श्री पटेल विधानसभा सत्र के दौरान शपथ ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को वारासिवनी पहुंचे। जहां स्थानीय अधिवक्ता संघ द्वारा उनका सम्मान समारोह रखा गया था। इस सम्मान समारोह में बार और बेंच दोनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लाड़ले विधायक को शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर फूलमालाओं से आत्मिक अभिनंदन किया।

**अधिवक्ता संघ का अभिनंदन करना था मुझे :** सम्मान समारोह में विधायक विवेक पटेल ने अधिवक्ता संघ को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के पहले मैने अधिवक्ता साथियों से मुलाकात की थी और उनसे सहयोग मॉगा था। जब उनके द्वारा मुझे आश्वस्त किया गया था, तो मेरा भी कर्तव्य था, जब मै चुनाव जीत कर आया, तो उनका अभिनंदन करना था। इसलिए उनके द्वारा जो सम्मान समारोह रखा गया हैं, उसमें मेरे द्वारा भी उनका अभिनंदन कर सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

**मार्च बजट के बाद सडक़ का होगा निर्माण:** श्री पटेल ने कहा कि अधिवक्ता संघ द्वारा बार रूम के सामने सडक़ जो की जर्जर अवस्था में है, उसकी समस्या बतलाई गई हैं। मार्च बजट के बाद उनकी समस्या को देखते हुए सडक़ का निर्माण करवाया जाएगा साथ ही अगर बार कांउसलिंग कक्ष में फर्नीचर सहित अन्य जो भी समस्या होंगी, उसे पूरा किया जाएगा। क्योंकि अधिवक्ता संघ मेरा परिवार है और मै भी उसी परिवार का सदस्य हूॅ। इसलिए उनकी हर समस्या भी मेरी समस्या हैं, समय-समय पर उनका मार्गदर्शन भी लिया जाएगा और उनकी हर समस्या में उनके साथ खड़ा रहूँगा।

अभिनंदन समारोह में सुधीर सिंह ठाकुर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, मनोज कुमार तिवारी द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती प्रीति चैतन्य चौबे न्यायिक मजिस्ट्रेट, चैतन्य अनुभव चौबे न्यायिक मजिस्ट्रेट, रौनक पाटीदार न्यायिक मजिस्ट्रेट, शैलेन्द्र रैकवार न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवांश यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता संघ से वरिष्ठ अधिवक्ता एस पी मिश्रा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शाहिद खान, राजेन्द्र दुबे, संदीप नगपुरे, पुष्पेन्द्र कलिहारी, लक्ष्मण चौधरी, अवलेश बिसेन, स्वप्निल डोंगरे, मुकेश अग्रवाल, रामकिशोर बिसेन, नारायण तिवारी, विलास मिश्रा, जाकिर हुसैन, बी डी राहंगडाले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।